जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10773 / 2026 दिनांकः 13 नवम्बर, 2026

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–दिनांक 12 नवम्बर, 2026 को आयुक्त महोदय, आजमगढ़ मंडल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि आयुक्त, आजमगढ़ मंडल की अध्यक्षता में दिनांकः 12 नवम्बर, 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में जनपदवार/महाविद्यालयवार एवं वर्गवार (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग) समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर किए गए आवेदन–पत्रों को अग्रसारित (Forward) किए जाने की प्रगति अत्यन्त धीमी है। इस सम्बन्ध में आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय–सीमान्तर्गत समस्त छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए उन्हें अग्रसारित (Forward) अथवा निरस्त (Reject) किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

अतः आयुक्त महोदय के निर्देशों के अनुपालन में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के लॉगिन पर प्राप्त समस्त छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पत्रों का प्रत्येक दशा में Receive एवं Verify करने एवं नियमानुसार परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में अग्रसारित अथवा निरस्त (Forward/Reject) करने की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय–सीमान्तर्गत अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण न किए जाने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी का व्यक्तिगत रूप से होगा।

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी / जिला पि0व0क0 अधिकारी / जिला अ0क0अ0, बलिया।
3. डॉ0 छबिलाल, नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com